उत्तराखण्ड शुगर्स

# उत्तराखण्ड सहकारी चीनी मिल्स संघ लि0

निकट रेलवे क्रॉसिंग, बद्रीपुर रोड़, जोगीवाला,
देहरादून–248001 (उत्तराखण्ड)
दूरभाष–0135–2974413, ई–मेल– uksugars@gmail.com वैबसाईट– www.uttarakhandsugars.com
GST No. 05AABFU7713K2Z1

## वित्तीय वर्ष 2026–27 में सहकारी एवं सार्वजनिक क्षेत्र की चीनी मिलों में आवश्यकतानुसार केन्द्रीयत सेवा के स्वीकृत पदों के सापेक्ष रिक्त पदों पर आउटसोर्स के माध्यम से अधिकारियों को लिये जाने हेतु आंमत्रित ई–निविदा

| ई–निविदा विज्ञप्ति संख्या–1919 / क्रय / 24 (24–25) / ई–निविदा / 2026, दिनांक–23 मार्च, 2026 | तिथि | समय |
|---|---|---|
| ई–निविदा प्रपत्र की वेवसाइट **www.uktenders.gov.in & www.uttarakhandsugars.com** पर उपलब्धता की तिथि | **23-03-2026** | सायं 06:00 बजे से |
| निविदा जमा करने की प्रारम्भ तिथि एव समय | **23-03-2026** | साय 06:00 बजे से |
| निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | **08-04-2026** | सायं 06:00 बजे तक |
| तकनीकी निविदा खुलने की तिथि व समय | **09-04-2026** | पूर्वान्ह 10:30 बजे |
| तकनीकी एव वाणिज्यिक निविदाये खोले जाने का स्थल | उत्तराखण्ड सहकारी चीनी मिल्स संघ लिमिटेड<br>निकट–रेलवे क्रॉसिंग, बद्रीपुर रोड़, जोगीवाला, देहरादून–248001 (उत्तराखण्ड) | |
| सम्पर्क अधिकारी | नाम– श्री विजय कुमार पाण्डेय (महाप्रबन्धक)<br>(मोबाईल नं0) **:- 99360-59299**<br>नाम– श्री मंयक यादव (क्रय विभाग)<br>(मोबाईल नं0) **:- 91493-28329** | |
| ई–निविदा प्रपत्र का मूल्य | रू0 2,360 / – (रूपये तीन हजार छः सौ साठ मात्र) जीएसटी सहित (गैर वापसी योग्य) | |
| ई–निविदा हेतु जमा की जाने वाली धरोहर राशि | रू0 4,00,000 / – (रूपये चार लाख मात्र) | |
| ई–निविदा हेतु धरोहर राशि जमा करने के लिये बैंक खाते का विवरण | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं धरोहर राशि आरटीजीएस / नेफट / नेट बैंकिग / डिमान्ड ड्राफट के द्वारा जमा की जायेगी।<br>**Name of Beneficiary : Uttarakhand Cooperative Sugar Factories Federation Limited, Dehradun**<br>**Bank Account No. : 60527758185**<br>**IFSC Code No. : MAHB0001015**<br>**Name of Bank Branch : Bank of Maharashtra, Saharanpur Road, Dehradun** | |

UTTARAKHAND SUGARS

# UTTARAKHAND SAHAKARI CHINI MILLS SANGH LTD.

NEAR RAILWAY CROSSING, BADRIPUR ROAD, JOGIWALA,
DEHRADUN- 248001 (UTTARAKHAND)

Telephone No. :- 0135- 2974413, E-mail:- uksugars@gmail.com, Website :- www.uttarakhandsugars.com
**GST No. 05AABFU7713K2Z1**

**Letter No. 1919/PUR/24 (24-25)/E-Tender/2026,** **Date: 23 March, 2026**

## E-TENDER NOTICE FOR OUTSOURCING SERVICES FOR OFFICER OF COOPERATIVE & CORPORATION SUGAR MILLS IN UTTARAKHAND STATE FOR YEAR 2026-27.

Online E-tender are invited for supply of Officers through outsource as per requirement in the Cooperative/Corporation sugar mills Kichha/Bazpur/Nadehi/Doiwala in Uttarakhand state for year 2026-27.

E-tender documents can be downloaded from e-tender portal **https://uktenders.gov.in** or Federation's website **www.uttarakhandsugars.com.** The bidders will have to deposit tender fees **(Non Refundable) of Rs. 2,360/- (GST Inclusive) & earnest money in the form of Demand Draft/RTGS/NEFT for Rs. 4,00,000/- in favor of Uttarakhand Cooperative Sugar Factories Federation Ltd. Payable at Dehradun.** Tenders without E-tender fess & Earnest money will not be accepted. The bank details are available inside the e-tender document. E-tender will be uploaded up to **06:00 P.M. on 08.04.2026** and Technical bid will be opened on the scheduled date **09.04.2026 at 10:30 A.M.**

The details for submission of The E-Bids is available on the E-Tender Portals **www.uktenders.gov.in** & **www.uttarakhandsugars.com** from **23.03.2026 at 06:00 P.M.** The Federation reserves the right to cancel any or all E-Bids without assigning any reason. The decision of Federation shall be final and binding.

इस निविदा के सम्बन्ध में सभी संशोधन, स्पष्टीकरण, शुद्धिपत्र, परिशिष्ट, समय वृद्धि आदि को केवल **www.uktenders.gov.in** & **www.uttarakhandsugars.com** पर ही दिया जायेगा। निविदादाता अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से इन वेबसाइटों को पढ़ते रहें।

**GENERAL MANAGER**

## वित्तीय वर्ष 2026–27 में सहकारी एवं सार्वजनिक क्षेत्र की चीनी मिलों में आवश्यकतानुसार केन्द्रीयत सेवा के स्वीकृत पदों के सापेक्ष रिक्त पदों पर आउटसोर्स के माध्यम से अधिकारियों की आपूर्ति हेतु पदों का विवरण एवं नियम एण्ड शर्ते

01– ई–निविदा प्रपत्र का मूल्य – रू0 2,360.00 (जीएसटी सहित) गैर वापसी योग्य

02– धरोहर धनराशि – रू0 4,00,000.00 (रुपये चार लाख मात्र)

### आपूर्ति किये जाने वाले अधिकारियों की सूची

| क0 सं0 | पद का नाम | शैक्षिक योग्यता | अनुभव |
|---|---|---|---|
| 1– | मुख्य अभियन्ता | बी0ई0 / बी0टैक0 / बी.एस.सी. (इंजी0) / समकक्ष | न्यूनतम कुल 12 वर्ष (04 वर्ष का विभागाध्यक्ष के पद पर तथा 06 वर्ष का अनुभव अभियंत्रण विभाग के द्वितीय पद पर) |
| 2– | मुख्य रसायनविद् | राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर / वी0एस0आई0, पूणे से शर्करा तकनीकी में पोर्स्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा | न्यूनतम कुल 12 वर्ष (04 वर्ष का विभागाध्यक्ष के पद पर तथा 06 वर्ष का अनुभव निर्माण / उत्पादन विभाग के द्वितीय पद पर) |
| 3– | मुख्य लेखाकार | सी0ए0 / आईसीडब्लूए / इन्टर सी.ए. / इन्टर आईसीडब्लूए / आई.सी.एम.ए. / एम.काम. | न्यूनतम कुल 12 वर्ष (04 वर्ष का विभागाध्यक्ष के पद पर तथा 06 वर्ष का अनुभव लेखा / वित्तीय विभाग के द्वितीय पद पर) |
| 4– | मुख्य गन्ना अधिकारी | बीएससी (ए.जी.) | न्यूनतम कुल 12 वर्ष (04 वर्ष का विभागाध्यक्ष के पद पर तथा 06 वर्ष का अनुभव गन्ना विभाग के द्वितीय पद पर) |
| 5– | उपमुख्य अभियन्ता | बी0ई0 / बी0टैक0 / बी.एस.सी. (इंजी0) / समकक्ष | न्यूनतम कुल 10 वर्ष (04 वर्ष का उपमुख्य अभियन्ता के पद पर तथा 06 वर्ष का अनुभव अभियंत्रण विभाग के तृतीय पद पर) |
| 6– | उपमुख्य रसायनविद् | राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर / वी0एस0आई0, पूणे से शर्करा तकनीकी में पोर्स्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा | न्यूनतम कुल 10 वर्ष (04 वर्ष का उपमुख्य रसायनविद् के पद पर तथा 06 वर्ष का अनुभव निर्माण / उत्पादन विभाग के तृतीय पद पर) |
| 7– | प्रयोगशाला प्रभारी | इण्टर (सांइस) / बी.एस.सी. / एन.एस.आई. / बी.एस.आई. | न्यूनतम कुल 10 वर्ष (04 वर्ष का प्रयोगशाला प्रभारी के पद पर तथा 06 वर्ष का अनुभव लैब विभाग के द्वितीय पद पर) |
| 8– | सहायक अभियन्ता (मैके0 / इलै0 / इंस्टू0) | बी0ई0 / बी0टैक0 / बी.एस.सी. (इंजी0) / समकक्ष + ए.एन. एस.आई. (शुगर इंजी0) | 03 से 05 वर्ष का अभियंत्रण विभाग में कार्य करने का अनुभव |
| 9– | निर्माण / उत्पादन रसायनविद् | राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर / वी0एस0आई0, पूणे से शर्करा तकनीकी में पोर्स्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा | 03 से 05 वर्ष का निर्माण / उत्पादन विभाग में कार्य करने का अनुभव |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10– | लेखाधिकारी | सी0ए0 (इण्टरमीडिएट) अथवा बी0कॉम | लेखा सम्बन्धी कार्यो का विभाग में कार्य करने का 10 वर्ष का अनुभव |
| 11– | वरिष्ठ लेखाकार/ लेखाकार | सी0ए0 (इण्टरमीडिएट) अथवा बी0कॉम | लेखा सम्बन्धी कार्यो का विभाग में कार्य करने का 05 वर्ष का अनुभव |
| 12– | कम्पनी सचिव | सी0एस0 योग्यताधारक | कम्पनी सचिव के कार्य में न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव |
| 13– | गन्ना विकास निरीक्षक | बी0एस0सी0 कृषि | न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव (02 वर्ष का गन्ना विकास निरीक्षक एवं 03 वर्ष का गन्ना पर्यवेक्षक) |
| 14– | गन्ना पर्यवेक्षक | बी0एस0सी0 कृषि | न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव गन्ना पर्यवेक्षक |
| 15– | गन्ना अधिकारी | स्नातक कृषि | गन्ना अधिकारी के रूप में न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव |
| 16– | उपमुख्य गन्ना अधिकारी | स्नातक कृषि | उपमुख्य गन्ना अधिकारी के रूप में न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव |
| 15– | वरिष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक | स्नातक कृषि | वरिष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक के रूप में न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव |
| 16– | सहायक प्रबन्धक | स्नातक | सहायक प्रबन्धक के रूप में न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव |
| 17– | गन्ना विकास अधिकारी | एम0एस0सी0 कृषि | सहायक गन्ना विकास अधिकारी के रूप में न्यूनतम 05 वर्ष का संतोषजनक कार्यकाल |
| 18– | टरवाईन इंजीनियर | डिप्लोमा/मैकेनिकल इंजी0 | त्रिवेणी मेक/बेलिस मेक टरवाइन के कार्यो हेतु टरवाइन इंजीनियर के रूप में न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव |

नियम व शर्तेः–

तकनीकी निविदा हेतु शर्ते :–

01– आउटसोर्स एजेन्सी को सहकारी/सार्वजनिक/निजी क्षेत्र की चीनी मिलों में तकनीकी संवर्ग/गन्ना संवर्ग/रसायन संवर्ग के अधिकारियों की आपूर्ति किये जाने का न्यूनतम तीन वर्ष का कार्यादेश की छाया प्रति संलग्न करनी अनिवार्य होगी। अन्यथा उसकी तकनीकी निविदा निरस्त कर दी जायेगी।

02– आउटसोर्स एजेन्सी को लेवर डिपार्टमेन्ट, प्रोविडेन्ट फण्ड, जी0एस0टी0 व इनकम टैक्स के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है, पी0एफ0 में कर्मकारों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है, इससे संबंधित विवरण भी संलग्न करना अनिवार्य होगा।

03– सम्बन्धित आउटसोर्स एजेन्सी को रू0 100.00 के नॉन जूडिशियल स्टाम्प पेपर पर इस आशय का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा कि उनके विरूद्व कोई अपराधिक कार्यवाही प्रचलन में नही है।

04– आउटसोर्स एजेन्सी को निविदा के साथ विगत तीन वर्षो की बैलेन्सशीट/आई0टी0आर0 रिर्टन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, जिसमें विगत तीन वर्षो का औसतन वार्षिक टर्न–ओवर न्यूनतम 01.00 करोड़ होना आवश्यक होगा, जिससे सम्बन्धित प्रपत्र/सर्टिफिकेट चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट से प्रमाणित कराकर लगाना अनिवार्य होगा।

05– प्रबन्ध निदेशक के पास बिना कारण बताये निविदा विस्तार करने अथवा एक निविदा अथवा समस्त निविदायें निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

चयनित आउटसोर्स एजेंसी के पक्ष में आदेश निर्गत होने के उपरान्त चयनित आउटसोर्स एजेंसी को निम्नवत् शर्तो का अनुपालन किया जाना होगा :–

01– नियोजित अधिकारियों के आचरण/कार्य/व्यवहार की समस्त जिम्मेदारी आउटसोर्स एजेन्सी की होगी।

02– आउटसोर्स एजेन्सी द्वारा चीनी मिलों में यथा–आवश्यकता विभिन्न विभागों में कार्य करने के लिए चयनित अधिकारियों की पूर्ति करनी होगी। अधिकारियों की आपूर्ति उनके न्यूनतम अनुभव से कम स्वीकार्य नही होगी।

03– अधिकारियों की आपूर्ति हेतु स्वीकृत पदों के सापेक्ष रिक्त पदों हेतु अधिकारियों की मात्रा/ संख्या के विषय में मुख्यालय के अनुमोदन के आधार पर चीनी मिलों की मांग के अनुसार चीनी मिलों के प्रधान प्रबन्धक/अधिशासी निदेशक से प्राप्त पूर्व स्वीकृति के उपरान्त प्रति माह चीनी मिलों द्वारा सम्बन्धित आउटसोर्स एजेन्सी को अवगत कराया जायेगा तथा तद्नुसार ही आउटसोर्स एजेन्सी द्वारा आवश्यक स्टॉफ की आपूर्ति की जायेगी, जिन्हें सम्बन्धित कार्यो का निर्धारित न्यूनतम अनुभव प्राप्त हो। प्रधान प्रबन्धक/अधिशासी निदेशक द्वारा अधिकारियों की संख्या आवश्यकतानुसार घटाई एवं बढ़ाई जा सकेगी।

04– बिलों के मासिक भुगतान हेतु अधिकारियों की पूर्व स्वीकृति के अनुसार आउटसोर्स एजेन्सी को प्रति अधिकारी की उपस्थिति फार्म–12, नियमानुसार भरकर समय कार्यालय में जमा करना होगा, जिसमे अधिकारियों की उपस्थिति के साथ भुगतान की जाने वाली कुल धनराशि से नियमानुसार भविष्यनिधि की कटौती एवं शुद्व भुगतान का विवरण अंकित करना होगा।

05– बिलो का मासिक भुगतान निर्धारित नियमानुसार आयकर, आदि की कटौती के उपरान्त किया जायेगा, जिसका प्रमाण–पत्र आउटसोर्स एजेन्सी द्वारा मांगे जाने पर निर्गत किया जायेगा।

06– आउटसोर्स एजेन्सी द्वारा कार्य पर लगाये गये शारीरिक/मानसिक रूप से स्वस्थ अधिकारी की आयु 18 वर्ष से कम तथा 65 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए। साथ ही आउटसोर्स एजेन्सी की बाध्यता होगी कि वह अपराधिक चरित्र/अपराधिक प्रकृति/न्यायालय द्वारा अपराध सिद्व दोषी, सजायाफ्ता अधिकारी को कार्य पर नही लगायेगा।

07– कार्यादेश निर्गत होने के पश्चात् आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार को आदेश की बेसिक वैल्यू का 03 प्रतिशत सुरक्षा धनराशि आरटीजीएस/एनईएफटी/बैंक गारन्टी के माध्यम से उत्तराखण्ड शुगर्स कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा, जिस पर कोई ब्याज देय नही होगा। कार्यावधि के दौरान नियम एवं शर्तो का उल्लंघन होने की दशा मे उक्त सिक्योरिटी धनराशि जब्त कर ली जायेगी। साथ ही चयनित आउटसोर्स एजेंसी द्वारा ई–निविदा में प्रतिभाग करते समय जमा की गयी धरोहर धनराशि उक्त सुरक्षा धनराशि जमा होने के उपरांत वापिस कर दी जायेगी।

08– आउटसोर्स एजेन्सी, कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व लगाये गये अधिकारियों का कर्मचारी कंपनसेशन इंश्योरेन्स पालिसी के अन्तर्गत बीमा कराकर पालिसी बॉण्ड की सत्यापित प्रति लेखा विभाग/समय कार्यालय में जमा करायेगा, तभी कार्य प्रारम्भ कर सकेगा।

09– यदि आउटसोर्स एजेन्सी द्वारा नियोजित अधिकारी के द्वारा किसी भी प्रकार से चीनी मिलों को कोई क्षति पहुॅचाई जाती है अथवा उनकी लापरवाही से चीनी मिलों को कोई आर्थिक क्षति होती है तो उसकी भरपाई आउटसोर्स एजेन्सी को करनी होगी।

10– आउटसोर्स एजेन्सी को अपने अनुबन्धित अधिकारियों के सम्बन्ध में कारखाना अधिनियम, भविष्यनिधि अधिनियम, न्यूनतम वेतन अधिनियम एवं बोनस आदि का अनुपालन करना होगा। उक्त अवहेलना पर चीनी मिलों को होने वाली क्षति की भरपाई अथवा अभियोजन की पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित आउटसोर्स एजेन्सी की होगी।

11– आउटसोर्स एजेन्सी को नियोजित अधिकारियों की सूची (नाम, पिता का नाम, अनुभव, शैक्षिक योग्यता, जन्म तिथि, स्थाई व स्थानीय पता) लिखित रूप से प्रमाण सहित समय कार्यालय को देना होगा। अधिकारी की उपस्थिति प्रतिदिन कार्यालय में दर्ज कराना आवश्यक होगा। कार्यालय द्वारा उपस्थिति प्रमाणित करने के उपरान्त ही सम्बन्धित बिल का भुगतान सुनिश्चित किया जा सकेगा।

12– उपरोक्त कार्य/पद पूर्णतः अस्थाई एवं आउटसोर्स के आधार पर है तथा किसी भी अधिकारी का स्थाई नियुक्ति हेतु कोई दावा किसी भी परिस्थिति में मान्य नही होगा।

13– आउटसोर्स एजेन्सी को चीनी मिलों के प्रधान प्रबन्धक/अधिशासी निदेशक द्वारा यथावश्यकता बुलाये जाने पर यथाशीघ्र मिलने आना होगा तथा चीनी मिलों के प्रधान प्रबन्धक/अधिशासी निदेशक से प्राप्त निर्देश पर कार्य पूर्ण करने होंगे।

14– आउटसोर्स एजेन्सी को संघ कार्यालय से कार्यादेश निर्गत होने के एक सप्ताह के भीतर स्वंय के व्यय पर रू0 100/– (एक सौ) के नॉन जूडिशियल स्टाम्प पेपर पर सम्बन्धित चीनी मिल के साथ अनुबन्ध सम्पादित करना अनिवार्य होगा, जिसकी एक प्रति मुख्यालय में भी उपलब्ध करानी होगी।

15– चीनी मिलों द्वारा जी0एस0टी0 का भुगतान नियमानुसार किया जायेगा।

16– किसी भी विवाद की स्थिति में प्रशासक, उत्तराखण्ड सहकारी चीनी मिल्स संघ लिमिटेड (उत्तराखण्ड शुगर्स), देहरादून का निर्णय अन्तिम व दोनों पक्षों को मान्य होगा।

17– आउटसोर्स एजेन्सी को उपरोक्त कार्य किसी अन्य को हस्तान्तरित/सबलैट करने का अधिकार नही होगा।

18– चीनी मिलों/संघ कार्यालय द्वारा समस्त पत्राचार एवं देयक संबंधी अभिलेखीय प्रमाण केवल आउटसोर्स एजेन्सी के अधिकृत पते/ ईमेल पर किया जायेगा।

19– निविदा दरें अनुमोदित करते समय उपनल/सरकारी एजेंसी आदि द्वारा निर्धारित दरों का भी संज्ञान लिया जायेगा।

20– निविदा में स्वीकृत दरें कार्यादेश निर्गत होने की तिथि से ग्यारह माह तक मान्य होगी, परन्तु मिलों की आवश्यकता संबधित मिल प्रबंधन की संस्तुति तथा सम्बन्धित एंजेसी द्वारा संतोषजनक ढ़ंग से कार्य किए जाने की स्थिति को देखते हुए इस अवधि को विस्तारित किए जाने के संबंध में सक्षम स्तर से विचार किया जा सकेगा।

21– आउटसोर्स एजेन्सी को अपने अनुबन्धित अधिकारी को, कार्य के अनुरूप सेफ्टी का सामान, टाईट फिटिंग/यूनीफार्म चिकित्सा एवं आवासीय व्यवस्था आदि का स्वंय अपने खर्च पर प्रबन्ध कर उपलब्ध कराना होगा। यदि मिल प्रबंधन द्वारा उपलब्धता के आधार पर आउटसोर्स एजेन्सी की मांग के क्रम में आवासीय व्यवस्था उपलब्ध करायी जाती है तो उक्त आवासों का बाजार दर पर किराया तथा बिजली/पानी आदि व्यय का भुगतान आउटसोर्स एजेन्सी द्वारा अनिवार्य रूप से किया जायेगा।

22– चीनी मिल के प्रधान प्रबन्धक/अधिशासी निदेशक का यह अधिकार होगा कि प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड शुगर्स से प्राप्त सहमति के आधार पर किसी भी अधिकारी को बिना कारण बताये किसी भी समय हटा सकते है एवं कार्यस्थल से हटाये जाने के उपरान्त से उस अधिकारी का कोई भुगतान किसी भी दशा में नही किया जायेगा।

23– आउटसोर्स एजेन्सी द्वारा आपूर्ति किये जाने वाले अधिकारियों का एक माह का मानदेय परफारमेन्स गारण्टी के रूप में उत्तराखण्ड सहकारी चीनी मिल्स संघ लि0, देहरादून में सुरक्षित रखा जायेगा, इसका भुगतान परफारमेन्स बेस्ड/उत्पादकता आधारित होगा, इस धनराशि की कटौती वाह्य एजेन्सी द्वारा आपूर्ति किये गये अधिकारी/कार्मिकों के मासिक वेतन से 10 प्रतिशत प्रतिमाह की दर से की जायेगी।

24– आउटसोर्स एजेन्सी द्वारा ई–निविदा फीस एवं धरोहर धनराशि को जमा करने के पश्चात् ही आउटसोर्स एजेन्सी की ई–निविदा स्वीकार की जायेगी। कार्यालय में जमा सुरक्षा धनराशि पर कोई ब्याज देय नही होगा। चयनित आउटसोर्स एजेन्सी द्वारा अपना कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण करने के बाद अनुबंध अवधि की समाप्ति के एक माह उपरान्त उक्त सिक्योरिटी धनराशि को वापिस किया जायेगा।

---

उपरोक्त सभी शर्ते मुझे स्वीकार्य है।

हस्ताक्षर निविदादाता

निविदादाता का नाम

पूरा पता

मोबाईल नं0

ई–मेल आई0डी0

<u>तकनीकी विवरण</u>

| | | |
|---|---|---|
| 1 | एजेन्सी का नाम | ---------------------------- |
| 2 | पूरा पता | ---------------------------- |
| | | ---------------------------- |
| | | ---------------------------- |
| 3 | सम्पर्क व्यक्ति का नाम | ---------------------------- |
| 4 | मोबाईल नं0 | ---------------------------- |
| 5 | ई–मेल आई0डी0 | ---------------------------- |
| 6 | निविदा प्रपत्र हस्ताक्षर/प्रस्तुत करने हेतु एजेन्सी द्वारा जारी अधिकार पत्र | ---------------------------- |
| 7 | आउटसोर्स एजेंसी के विरूद्ध किसी प्रकार का अपराधिक मुकदमा किसी भी न्यायालय/पोलिस स्टेशन में पंजीकृत नहीं है रू 100/– के स्टाम्प पेपर पर एक शपथ पत्र (अपलोड करे तथा मूल प्रति कार्यालय में जमा करें) | |
| 8 | श्रम विभाग पंजीकरण संख्या (छाया प्रति अपलोड करें) | ---------------------------- |
| 9 | भविष्यनिधि पंजीकरण संख्या (छाया प्रति अपलोड करें) | ---------------------------- |
| 10 | जी0एस0टी0 पंजीकरण संख्या (छाया प्रति अपलोड करे) | ---------------------------- |
| 11 | आयकर (पैनकार्ड) संख्या (छाया प्रति अपलोड करे) | ---------------------------- |
| 12 | विभागों का नाम जहॉ एजेन्सी द्वारा स्टाफ नियोजित किया जाता रहा है। | ---------------------------- |
| 13 | तकनीकी निविदा के साथ जमा किये गये ई–निविदा प्रपत्र मूल्य एवं धरोहर धनराशि की छाया प्रति अपलोड करनी अनिवार्य है। | |

हस्ताक्षर निविदादाता

एजेन्सी की मोहर

# वाणिज्यिक निविदा

Validate | Print | Help

**Tender Inviting Authority: UTTARAKHAND SAHKARI CHINI MILLS SANGH LTD. (UTTARAKHAND SUGARS)**

**Name of Work: COMPETITIVE e-Bidding FOR E-TENDER FOR OUTSOURCING SERVICES FOR OFFICER OF COOPERATIVE & CORPORATION SUGAR MILL IN UTTARAKHAND STATE DRURING THE PERIOD 2026-27.**

**Contract No: 1919/PUR/24 (24-25)/E-Tender/2026, Dt. 23.03.2026**

**Name of the Bidder/ Bidding Firm / Company :-**

**PRICE SCHEDULE**

**(DOMESTIC TENDERS - RATES ARE TO GIVEN IN RUPEES (INR) ONLY)**

**(This BOQ template must not be modified/replaced by the bidder and the same should be uploaded after filling the relevant columns, else the bidder is liable to be rejected for this tender. Bidders are allowed to enter the Bidder Name and Values only)**

| NUMBER # | TEXT # | TEXT # | NUMBER # | NUMBER # | NUMBER # | NUMBER # | TEXT # |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Item Description | Units | Rate (in Rs.) | Service charges (in %) | Total Amount Without Taxes (in Rs.) | Total Amount With Taxes (in Rs.) | Total Amount in Words |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1.01 | मुख्य अभियन्ता | प्रतिमाह / प्रति अधिकारी | | | 0.00 | 0.00 | INR Zero Only |
| 1.02 | मुख्य रसायनविद् | प्रतिमाह / प्रति अधिकारी | | | 0.00 | 0.00 | INR Zero Only |
| 1.03 | मुख्य लेखाकार | प्रतिमाह / प्रति अधिकारी | | | 0.00 | 0.00 | INR Zero Only |
| 1.04 | मुख्य गन्ना अधिकारी | प्रतिमाह / प्रति अधिकारी | | | 0.00 | 0.00 | INR Zero Only |
| 1.05 | उपमुख्य अभियन्ता | प्रतिमाह / प्रति अधिकारी | | | 0.00 | 0.00 | INR Zero Only |
| 1.06 | उपमुख्य रसायनविद् | प्रतिमाह / प्रति अधिकारी | | | 0.00 | 0.00 | INR Zero Only |
| 1.07 | प्रयोगशाला प्रभारी | प्रतिमाह / प्रति अधिकारी | | | 0.00 | 0.00 | INR Zero Only |
| 1.08 | सहायक अभियन्ता (मैके0 / इलै0 / इंस्टू0) | प्रतिमाह / प्रति अधिकारी | | | 0.00 | 0.00 | INR Zero Only |
| 1.09 | निर्माण / उत्पादन रसायनविद् | प्रतिमाह / प्रति अधिकारी | | | 0.00 | 0.00 | INR Zero Only |
| 1.10 | लेखाधिकारी | प्रतिमाह / प्रति अधिकारी | | | 0.00 | 0.00 | INR Zero Only |
| 1.11 | वरिष्ठ लेखाकार / लेखाकार | प्रतिमाह / प्रति अधिकारी | | | 0.00 | 0.00 | INR Zero Only |
| 1.12 | कम्पनी सचिव | प्रतिमाह / प्रति अधिकारी | | | 0.00 | 0.00 | INR Zero Only |
| 1.13 | गन्ना विकास निरीक्षक | प्रतिमाह / प्रति अधिकारी | | | 0.00 | 0.00 | INR Zero Only |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.14** | गन्ना पर्यवेक्षक | प्रतिमाह / प्रति अधिकारी | | | **0.00** | **0.00** | INR Zero Only |
| **1.15** | गन्ना अधिकारी | प्रतिमाह / प्रति अधिकारी | | | **0.00** | **0.00** | INR Zero Only |
| **1.16** | उपमुख्य गन्ना अधिकारी | प्रतिमाह / प्रति अधिकारी | | | **0.00** | **0.00** | INR Zero Only |
| **1.17** | वरिष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक | प्रतिमाह / प्रति अधिकारी | | | **0.00** | **0.00** | INR Zero Only |
| **1.18** | सहायक प्रबन्धक | प्रतिमाह / प्रति अधिकारी | | | **0.00** | **0.00** | INR Zero Only |
| **1.19** | गन्ना विकास अधिकारी | प्रतिमाह / प्रति अधिकारी | | | **0.00** | **0.00** | INR Zero Only |
| **1.20** | टरवाईन इंजीनियर | प्रतिमाह / प्रति अधिकारी | | | **0.00** | **0.00** | INR Zero Only |
| **Total in Figures** | | | | | **0.00** | **0.00** | **0.00** |
| **Quoted Rate in Words** | | **INR Zero Only** | | | | | |